# अपनी बात

अंक : 471, वर्ष 37 — सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका — राँची, 31 अक्टुबर, 2013


## क्षेत्रीय खान बचाओ प्रतियोगिता 2012–2013

## बरका–सयाल क्षेत्र को ओवर ऑल बेस्ट टीम का खिताब

रेस्क्यू रूम विथ रिफ्रेशर ट्रेनिंग (आर आर आर टी), कथारा में विगत 25 अक्टूबर 2013 को खान बचाओ प्रतियोगिता में श्री टी के नाग, निदेशक (तक/संचालन) की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनूप विश्वास, उप–खान सुरक्षा महानिदेशक (एस ई जोन) उपस्थित थे। अवसर विशेष पर सर्वश्री कमलेश शर्मा, डी.एम.एस. (एस ई जोन), ई जय कुमार, डी एम एस (कोडरमा क्षेत्र), पी के सिन्हा, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), बी बी सूद, महाप्रबंधक, एम आर एस रामगढ, के के मिश्रा, महाप्रबंधक, कथारा एवं डीजीएमएस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री अनूप विश्वास ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन को स्तरीय बताया। उन्होंने कहा कि सीसीएल के पास सक्षम एवं सशक्त बचाव दल है इसका आधुनिकीकरण कर अन्य सामाजिक विपदाओं पर भी इनकी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने नियमित रूप से बचाव दल के मॉक रिहर्सल की बात कही एवं युवा कर्मियों को इसमें सम्मिलित होने का आह्वान किया।

अध्यक्ष श्री टी के नाग ने अपने संबोधन में कहा कि चूंकि खनन एक जोखिम भरा कार्य है, अतः उसमें आई विपत्तियों से निपटने के लिए एक प्रशिक्षित बचाव टीम और रिकवरी से जुड़े लोगों की जरूरत हमेशा रहती है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के पास विश्व स्तरीय सबसे अच्छे बचाव उपकरण मौजूद हैं और कम्पनी इस दिशा में किसी प्रकार की आर्थिक कोताही नहीं बरतेगी। उन्होंने कथारा क्षेत्र को इस प्रकार के भव्य आयोजन के लिए तथा सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) श्री पी के सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बचाव दल के सदस्यों को अपने हुनर में सुधार करने का प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने सीसीएल द्वारा सुरक्षा एवं बचाव के लिए किए जा रहे गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। श्री बी बी सूद,



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते कार्यक्रम के अध्यक्ष निदेशक(तक./सं.), मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण

महाप्रबंधक, एम आर एस, रामगढ़ ने कहा कि इस प्रतियोगिता में नौ टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें से चुनी हुई टीम आगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जायगी।

श्री कमलेश शर्मा, डी एम एस तथा ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों – डा. रघुनाथ सिंह, सर्वश्री लखन लाल महतो, राजेश कुमार सिंह, पी डी सिंह, रवीन्द्र प्रसाद यादव, रवीन्द्र नाथ सिंह, भीम सिंह एवं गिरिजा शंकर पांडे ने भी समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित किया।

श्री ई. जय कुमार, डी एम एस (कोडरमा रिजन) ने निर्णायक की हैसियत से इस प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के परिणामों की घोषणा की। प्रतियोगिता में 09 टीमों – एन. के., पिपरवार, बरका–सयाल, अरगडा, हजारीबाग, कुजू, कथारा, बी एण्ड के एवं ढोरी क्षेत्र ने हिस्सा लिया।

बरका–सयाल की टीम को ओवर ऑल बेस्ट टीम का खिताब दिया गया जबकि हजारीबाग एवं कथारा को क्रमशः ओवर ऑल सेकेन्ड बेस्ट एवं ओवर ऑल तृतीय बेस्ट घोषित किया गया। बेस्ट रेस्क्यू वर्ग में कथारा तथा बेस्ट रिकवरी एवं बेस्ट इन स्टेटयूटरि में बरका–सयाल को पुरस्कृत किया गया जबकि हजारीबाग क्षेत्र को बेस्ट फेब, एन के क्षेत्र को बेस्ट फस्ट एड, पिपरवार को बेस्ट मार्च पास्ट, अरगडा को बेस्ट टर्न आउट के लिए पुरस्कृत किया गया। व्यक्तिगत स्पर्धा में बरका–सयाल के श्री आशीष राम को बेस्ट मेम्बर के लिए चुना गया जबकि हजारीबाग के श्री स्नेहेन्द्र कुमार सिंह को बेस्ट कैप्टन का खिताब दिया गया।

स्वागत भाषण, श्री के के मिश्रा, महाप्रबंधक, कथारा ने किया जबकि मंच संचालन श्री निर्भय शंकर प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री ए के सिंह, अवर महाप्रबंधक ने किया।

## सीसीएल सम्मानित

अखिल भारतीय राजभाषा संस्थान, देहरादून द्वारा विगत 16 से 18 अक्टूबर तक मदुरै में आयोजित राजभाषा संगोष्ठी में सीसीएल को राजभाषा हिन्दी में सतत प्रगति और प्रचार–प्रसार हेतु पुरस्कृत किया गया। सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह को 'राजभाषा श्री सम्मान', निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र को 'राजभाषा कीर्ति सम्मान' से विभूषित किया। प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री दीपक कुमार को 'विशेष राजभाषा कीर्ति सम्मान' एवं राजभाषा परिचर्चा में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।

## किसानों के लिए दक्षता विकास प्रशिक्षण

कम्पनी अपने निगमित सामाजिक उत्तरादायित्व कार्यक्रमान्तर्गत कायाकल्प योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति संवेदनशील है तथा अपने कमांड क्षेत्र के आसपास के निवासियों के कल्याण एवं स्वरोजगार हेतु दक्षता विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है। दक्षता विकास की कड़ी में सीसीएल द्वारा विगत दिनों काँके ब्लॉक अन्तर्गत बाढ़ू पंचायत के बुकरू, चामा एवं सेमर टोली ग्राम के 50 किसानों के लिए उन्नत कृषि हेतु नामकोम, प्लान्डू स्थित इंडियन काउन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च संस्थान, हार्प के सहयोग से आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को ड्रीप सिंचाई पद्धति, मल्चींग के तरीके, उन्नत बीज संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र एवं कृषि उपकरण भी दिए गये। किसानों ने कम्पनी को इस प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिए साधुवाद दिया तथा कहा कि इससे निश्चय ही उनको नकदी फसल उगाने में मदद मिलेगी और उन्हें अपेक्षित आर्थिक लाभ भी मिलेगा।



प्रशिक्षण लेते किसानों की टोली

## बेयरफुट मैनेजर्स प्रोग्राम

अपने सी.एस.आर. कार्यक्रम के तहत कम्पनी ने इच्छुक ग्रामीणों में उद्यमिता विकास हेतु दक्षता विकास के लिए आई आई एम, राँची के सहयोग से बेयरफुट मैनेजर्स प्रोग्राम के तहत उद्यमिता एवं मार्केट लिटरेसी प्रशिक्षण की व्यवस्था की है।

इस संबंध में अपना व्यवसाय करने के इच्छुक प्रतिभागियों का पता लगाने के उद्देश्य से सीसीएल द्वारा आई आई एम, रांची के सहयोग से कांके ब्लॉक स्थित सोनाखाप एवं सेमरटोली गांव में दो शिविरों का




आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत सीसीएल ने 500 युवाओं को प्रशिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। इसके साथ ही 20 मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था का प्रावधान किया गया है।

- सुरक्षा का सम्यक ज्ञान, देता सबको जीवन दान।
- सुरक्षा एक लक्ष्मण रेखा, करें न इसे अनदेखा।
- सुव्यवस्था हमारी शान है, सुरक्षा हमारी आन है।
- सुरक्षा उपकरण सुन्दर परिधान, जिससे हो श्रमिक का कल्याण।
- सुरक्षा नियम जटिल नहीं, अपनाओ तो कठिन नहीं।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)